Directorate of Elementary Education / मौलिकशिक्षा निदेशालय

GOVERNMENT OF HARYANA/हरियाणा सरकार

# Directorate Elementary Education
# मौलिक शिक्षा निदेशालय

शिक्षा, संस्कृति एवं विकास
Education, Culture and Development

School Education, Haryana
विद्यालय शिक्षा, हरियाणा

तमसो मा ज्योतिर्गमय
Lead me from Darkness to Light

**E-mail: elementaryps@gmail.com - Site: www.harprathmik.gov.in**

ई–मेल
सेवा में,

**राज्य के सभी,**
**जिला शिक्षा अधिकारी तथा**
**जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी।**

यादी क्रमांक– 33/32–2022 पी0एस0 (ई0–1)
दिनांक पंचकूला :– 7-11-2025

**विषय:–** **नियम 134–ए के अंतर्गत कक्षा दूसरी से आठवीं में सत्र 2015–16 से 2024–25 में दाखिल/पदोन्नत हुए छात्रों की बकाया फीस प्रतिपूर्ति राशि प्रदान करने बारे।**

*******

उपरोक्त विषय पर निदेशालय के यादी क्रमांक 33/32–2022 पी0एस0 (ई0–1), दिनांक 24.07.2025, 12.08.2025 व 26.08.2025 के संदर्भ में।

विषयांकित मामले में हरियाणा विद्यालय शिक्षा नियमावली 2003 के नियम 134–ए के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2015–16 से 2024–25 में मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में कक्षा दूसरी से आठवीं में दाखिल/प्रमोट हुए छात्रों की फीस की प्रतिपूर्ति राशि के क्लेम ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से माँगने बारे दिनांक 31.08.2025 तक पोर्टल खोला गया था। पोर्टल पर कुल 2145 विद्यालयों द्वारा क्लेम दिये गए। जिनमें से 1971 विद्यालयों द्वारा क्लेम हेतु फाईनल डाटा सबमिट किया गया है परन्तु 174 स्कूलों द्वारा बच्चों का डाटा सबमिट करना अभी शेष है। पोर्टल को अंतिम तिथि **30.11.2025 तक** खोला जा रहा है।

अतः आपसे अनुरोध है कि विभागीय वैबसाईट पर दिए गए उक्त लिंक **http://117.239.183.208/FEE134_ARREAR_2015_2025/** पर अपने–अपने जिले से सम्बन्धित शेष 174 प्राईवेट मान्यता प्राप्त विद्यालयों को निर्देश दें कि नियम 134–ए के तहत उपरोक्त वर्षों में दाखिल/प्रमोट हुए छात्रों के विवरण के साथ **फीस की प्रतिपूर्ति हेतु फाईनल डाटा पोर्टल पर अपलोड करें उक्त अवधि के उपरांत प्रतिपूर्ति हेतु प्राप्त क्लेम कन्सीडर नहीं किये जाएँगे।**

कृपया इसे उच्च प्राथमिकता दें।

नवीन
सहायक निदेशक, पी0एस0(ई0)
कृतः महानिदेशक मौलिक शिक्षा हरियाणा,
पंचकूला

पृष्ठांकन क्रमांक सम–
दिनांक–

उपरोक्त की एक प्रति संयुक्त निदेशक, आई0टी0सैल को भेजते हुए अनुरोध है कि नियम 134–ए के तहत बकाया फीस प्रतिपूर्ति के क्लेम माँगने बारे पोर्टल को **अंतिम तिथि 30.11.2025 तक** पुनः खोलने का कष्ट करें।

ह/-
सहायक निदेशक, पी0एस0(ई0)
कृतः महानिदेशक मौलिक शिक्षा हरियाणा,
पंचकूला